पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT- 3			
Student's Name:	Roll No.:	Grade :	VI
Date :	Time:	Subject:	Hindi
T. Sign :		Total Marks	25

(अपठित-विभाग)

प्र-१ अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-5)

संसार में शांति, व्यवस्था और सद्भावना के प्रसार के लिए बुद्ध, ईसा मसीह, मुहम्मद चैतन्य, नानक आदि महापुरुषों ने धर्म के माध्यम से मनुष्य को परम कल्याण के पथ का निर्देश किया, किंतु बाद में यही धर्म मनुष्य के हाथ में एक अस्त्र बन गया। धर्म के नाम पर पृथ्वी पर जितना रक्तपात हुआ उतना और किसी कारण से नहीं। पर धीरे-धीरे मनुष्य अपनी शुभ बुधि से धर्म के कारण होने वाले अनर्थ को समझने लग गया है। भौगोलिक सीमा और धार्मिक विश्वासजनित भेदभाव अब धरती से मिटते जा रहे हैं। विज्ञान की प्रगति तथा संचार के साधनों में वृद्धि के कारण देशों की दूरियाँ कम हो गई हैं। इसके कारण मानव-मानव में घृणा, **ईर्ष्या** वैमनस्य कटुता में कमी नहीं आई। मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है शिक्षा का व्यापक प्रसार।

1) मनुष्य अधर्म के कारण होने वाले अनर्थ को कैसे समझने लगा है?
2) विज्ञान की प्रगति और संचार के साधनों की वृद्धि का परिणाम क्या हुआ है?
3) देश में आज भी कौन-सी समस्या है?
4) किस कारण से देश में मानव के बीच, घृणा, **ईर्ष्या**, वैमनस्यता एवं कटुता में कमी नहीं आई है?
5) मानवीय मूल्यों के महत्त्व के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का एकमात्र साधन है?

(व्याकरण- विभाग)

प्र-२ उपसर्ग से दो-दो शब्द बनाए। (अंक-1)

1) भर- 2) नि-

प्र-३ निम्नलिखित कारक के भेद लिखिए। (अंक-2)

1)राम ने रावण को मारा।
2) माँ बेटे के लिए सेब लायी।
3)राम ने पत्र लिखा।
4)राम ने रावण को बाण से मारा।

प्र-४ प्रत्यय से दो-दो शब्द बनाए। (अंक-2)

1) आड़ी- 2) ऐया-

3) आलू-   4) आक-

(लेखन-विभाग)

प्र-५ निम्नलिखित संवाद-लेखन लिखिए। (कोई एक) (अंक-3)

1) रोगी और वैद्य का संवाद।

अथवा

पुस्तक विक्रेता की दुकान पर किताबें खरीदने आए छात्र और दुकानदार की बातचीत का संवाद लेखन कीजिए।

प्र-६ निम्नलिखित पत्र-लेखन लिखिए। (अंक-5)

1) पर्यावरण में हो रही क्षति के सन्दर्भ में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का निवेदन करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।

(साहित्य-विभाग)

प्र-७ एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए। (अंक-3)

1) इस दुनिया के लोग कैसे हैं?
2) लक्ष्मण के जाते ही कौन आ पहुँचा?
3) महल में खुशी का कारण क्या था?

प्र-८ लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (कोई दो) (अंक-4)

1) अंग्रेज़ों ने भारत के किन-किन क्षेत्रों पर अधिकार कर लिया था?
2) हेलेन केलर प्रकृति की किन चीज़ों को छूकर और सुनकर पहचान लेती थीं?
3) मनुष्य का स्वभाव क्या है?